## अब कुछ करें

**सही उत्तर पर गोला (◯) लगाइए–**

- 'काला' का उलटा अर्थ बताने वाला शब्द कौन-सा है? हरा/सफ़ेद
- 'आगे' का उलटा अर्थ बताने वाला शब्द कौन-सा है? पीछे/ऊपर

## अभ्यास-कार्य

1. दिए गए शब्दों के उलटे अर्थ बताने वाले शब्दों पर गोला (◯) लगाइए–

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| (क) | **दिन** | – | शाम | सुबह | रात |
| (ख) | **आगे** | – | ऊपर | पीछे | नीचे |
| (ग) | **आना** | – | जाना | खाना | सोना |
| (घ) | **छोटा** | – | मोटा | बड़ा | काला |

2. उलटे अर्थ वाले शब्दों को मिलाइए–

| | |
|---|---|
| (क) गरम | (i) बाहर (ख) |
| (ख) अंदर | (ii) रोना (ग) |
| (ग) हँसना | (iii) जंगली (घ) |
| (घ) पालतू | (iv) ठंडा (क) |

3. रंगीन शब्दों के उलटे अर्थ वाले शब्द लिखकर वाक्य पूरे कीजिए–

(क) मेरी आइसक्रीम ठंडी है। तुम्हारी चाय ......गरम...... है।

(ख) रचना ऊपर खड़ी है। सीमा ......नीचे...... बैठी है।

(ग) अभी दिन है। थोड़ी देर में ......रात...... हो जाएगी।

(घ) बिल्ली घर के अंदर है। कुत्ता ......बाहर...... है।



## हमारी गतिविधि...

(Activity)

- कक्षा के सभी विद्यार्थियों को दो समूहों में बाँट दें।
- एक समूह के विद्यार्थियों को कुछ शब्द बोलें और लिखने के लिए कहें।
- दूसरे समूह के विद्यार्थियों को उन शब्दों के उलटे अर्थ वाले शब्द बोलें और लिखने के लिए कहें।
- इस प्रकार विद्यार्थी खेल-खेल में उलटे अर्थ वाले शब्द सीख सकेंगे।

## अब कुछ स्वयं से

चित्र को पहचानिए और चित्र के नीचे उसके उलटे अर्थ वाले शब्द लिखिए–


(Thinking Skill)


दिन


रात


गरम


ठंडा


ऊपर


नीचे


रोना


हँसना